Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

◘ वर्ष- 29 ◘ अंक- 111 ◘ रायपुर, शुक्रवार 15 मई 2026 ◘ पृष्ठ-8 ◘ मूल्य- 2.50 रुपया ● रायपुर ● जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

पेट्रोल 3.14 और डीजल 3.11 रुपए महंगा हुआ

2024 से दाम नहीं बदले थे, चुनाव से पहले कटौती हुई थी

नई दिल्ली, 15 मई (न्यूज चैनल)। जिस बात का डर था, आखिरकार वही हुआ। देश की जनता को 15 मई की सुबह-सुबह तगड़ा झटका लगा है। देश में पेट्रोल-डीजल महंगा हो गया है। पेट्रोल और डीजल 3-3 रुपए प्रति लीटर महंगा हो गया है। पेट्रो कंपनियों ने पेट्रोल 3.14 रुपए और डीजल 3.11 रुपए दाम बढ़ा दिए है। करीब 2 साल बाद दामों में ये बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में अब पेट्रोल 97.77 रुपए प्रति लीटर में मिलेगा। डीजल की कीमत 90.67 रुपए प्रति लीटर हो गई है। नए दाम आज 15 मई से लागू हो गए हैं। पेट्रोल और डीजल के नए दाम शुक्रवार (15 मई 2026) से लागू हो गए हैं। जहां दिल्ली में पेट्रोल 3 रुपये महंगा होकर 97.77 रुपये प्रति लीटर हो गया है, तो कोलकाता में ये 108.74 रुपये (3.29 रुपये महंगा) हो गया है। जबकि मुंबई में 106.68 रुपये (3.14 रुपए महंगा) और चेन्नई में 103.67 रुपये (2.83 रुपए) प्रति लीटर की दर से बिक रहा है।

डीजल की कीमतों की बात करें तो उसमें भी पेट्रोल की तरह दिल्ली में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में जिस डीजल के दाम पहले 87.67 रुपये प्रति लीटर थे, वह अब बढ़कर 90.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। इसी तरह कोलकाता में डीजल की कीमतें 3.11 रुपये बढ़कर 95.13 रुपये प्रति लीटर हो

गई है। मुंबई में डीजल 3.11 रुपये प्रति लीटर बढ़कर अब 93.14 रुपये प्रति लीटर हो गया है। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में डीजल 2.86 रुपये प्रति लीटर महंगा होकर 95.25 रुपये में मिल रहा है। मिडिल-ईस्ट जंग की शुरुआत के बाद से ये पहली बार है, जब भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में इजाफा हुआ है। ईरान युद्ध के कारण पेट्रोल-डीजल के दाम में बढ़ोतरी की संभावना काफी समय पहले से बनी हुई थी। हालांकि 5 राज्यों के चुनाव के कारण बढ़ाया नहीं गया था। अब चुनाव खत्म होने के 10 दिन के अंदर ही भारी बढ़ोतरी की गई है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से फ्यूल बचाने की अपील की थी। उन्होंने वर्क फ्रॉम करने और निजी वाहनों के कम इस्तेमाल पर जोर दिया था। तभी से ऐसे संकेत मिल रहे थे कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी हो सकती है। बता दें कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मार्च 2024 से स्थिर बनी हुई थीं। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले सरकार ने कीमतों में 2 प्रति लीटर की कटौती कर जनता को राहत दी थी। हालांकि ईरान युद्ध और स्ट्रेट ऑफ होर्मुज बंद होने से देश में तेल और गैस की सप्लाई लगभग ठप हो गया है। वहीं क्रूड ऑयल के दाम में बढ़ोतरी होने से तेल कंपनियों को घाटा हो रहा था।

राहुल गांधी बोले- 3 का झटका आ चुका, बाकी वसूली किस्तों में

खाड़ी युद्ध का हवाला देकर पेट्रो कंपनियों ने आज सुबह-सुबह पेट्रोल-डीजल की कीमतों में 3-3 रुपये की बढ़ोतरी की है। पेट्रोल-डीजल की कीमतें बढ़ने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भयंकर गुस्से में हैं। पेट्रोल-डीजल और सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी के बाद राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर निशाना साधा साधते हुए कहा कि 3 का झटका आ चुका है। बाकी वसूली किस्तों में की जाएगी।

रायपुर, महासमुंद समेत कई इलाकों में झमाझम बारिश, गर्मी से मिली राहत

रायपुर, 15 मई (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर समेत छत्तीसगढ़ के कई इलाकों में शुक्रवार सुबह से बादल गरजने के साथ बारिश हो रही है. टर्फ और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण मौसम में बदलाव देखने को मिला है. रायपुर में काले बादल छा चुके हैं और मानसून जैसी बारिश हो रही है. इसके अलावा बलौदा बाजार, महासमुंद, धमतरी और रायगढ़ में तेज हवाओं और बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है.

रायपुर में सुबह से मौसम बिगड़ गया. लगभग 8 बजे के बाद आसमान में काले बादल छाए और बारिश का सिलसिला शुरू हुआ. बादल गरजने के साथ बारिश होने लगी. ठंडी हवा चलने से लोगों को गर्मी से राहत मिली है. बलौदा बाजार में मौसम ने करवट ली. बीती देर रात आए आंधी तूफान में जिला मुख्यालय में कई जगह बड़े पेड़ बीच सड़क पर धराशाई हो गए, इससे आवागमन बाधित हो गया. आज सुबह दुकान दफ्तर पहुंचने वाले लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा. वहीं नगरपालिका की एक टीम रास्ता क्लियर करने में लगी हुई है. वहीं बिजली व्यवस्था भी चरमरा गई है।

महासमुंद जिले में देर रात से शुरू हुई आंधी-तूफान के बाद बिजली व्यवस्था चरमरा गई. वहीं सुबह से गरज-चमक के साथ पिथोरा में तेज बारिश हो रही है, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है. बारिश के चलते गांवों की गलियां पानी-पानी हो गई. इधर रायगढ़ में भी रायपुर के बाद बारिश का सिलसिला शुरू हो गया है. सुबह से बादल छाए रहने के बाद गरज-चमक के साथ बारिश ने मौसम सुहाना कर दिया. वहीं धमतरी में भी मौसम का मिजाज अचानक बदल गया और तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू होने से लोगों को गर्मी से राहत महसूस हुई. इसके अलावा बिलासपुर में सुबह अंधड़-बारिश हुई, जिससे बिजली व्यवस्था ठप हैं। बता दें कि मौसम विभाग ने

शुक्रवार को प्रदेश के कई इलाकों में यलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. राजनांदगांव, महासमुंद, रायपुर, बलौदा बाजार, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, बिलासपुर, कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा मरवाही, दुर्ग, बेमेतरा, कबीरधाम, मुंगेली, सुरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, अचानक तेज हवा, आंधी (40-60 चक्कर) और वर्षा की संभावना है. यहां ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इसके अलावा सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, उत्तर बस्तर कांकेर, धमतरी, बालोद, राजनांदगांव, गरियाबंद, जशपुर, सूरजपुर में यलो अलर्ट जारी किया गया है. इन इलाकों में यलो अलर्ट जारी है।

महासमुंद में आकाशीय बिजली गिरी बेटे की मौत और पिता गंभीर

महासमुंद, 15 मई (हाईवे चैनल)। तुमगांव थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली कहर बनकर गिरी है। यहां चपटे में आने से बेटे की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से झुलस गए हैं, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। बता दें कि छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज लगातार बदल रहा है। रायपुर में आज (शुक्रवार) सुबह गरज चमक के साथ तेज बारिश हुई। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने अगले 4 दिनों तक अलग-अलग हिस्सों में गरज-चमक, तेज हवाओं और हल्की बारिश की संभावना जताई है। वहीं 17 मई से मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ इलाकों में हीटवेव चलने की चेतावनी जारी की गई है।

ठंडी हवाओं के साथ हुई बूंदाबांदी

धमतरी 15 मई (हाईवे चैनल)। आज सुबह से तेज धूप रही, लेकिन सुबह लगभग 8.30 बजे से मौसम में करवट ली और आसपास में बादल छाने लगे। कुछ देर में ही बादलों ने सूरज को पूरी तरह ढक लिया। और तेज हवाएं चलने लगी। और हल्की बूंदाबांदी हुई। बताया जा रहे कि छत्तीसगढ़ में मौसम में अचानक बदलाव का मुख्य कारण उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश और बिहार से आंध्रप्रदेश तक बनी द्रोणिका व चक्रवाती परिसंचरण है। इस सिस्टम के कारण बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते धमतरी, बालोद, रायपुर सहित प्रदेश के अन्य हिस्सों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं (40-50 किमी/घंटा) और हल्की से मध्यम बारिश हो रही है, जिससे भीषण गर्मी से अस्थाई राहत मिली है। लेकिन यह मौसम आफर भी लेकर आया है। शहर सहित ग्रामीणों क्षेत्रो में कुछ देर के आंधी तूफान के कारण घंटो बिजली गुल रही। जिससे लोगो के घरो में पानी नहीं पहुंच पाया। व अन्य दैनिक कार्य प्रभावित हुए। बताया जा रहा कि तेज हवाओं के चलते कुछ स्थानों पर पेड़ गिर गए है। कुछ स्थानों पर बिजली तारो उपकरणो में खराबी आई है। जिससे चलते विद्युत आपूर्ति बदहाल रही।

कई स्थानों पर पेड़ व शाखाएं हुई क्षतिग्रस्त, विद्युत उपकरणों में आई खराबी, घंटो बिजली रही गुल

ब्रेकिंग न्यूज

नीट की नई तारीख का एलान, अब 21 जून को देशभर में होगी परीक्षा, पेपर लीक के आरोपों के चलते रद्द हुई थी

नई दिल्ली, 15 मई (न्यूज चैनल)। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी यानी एनटीए ने नीट-यूजी की नई तारीख का एलान कर दिया है। अब यह परीक्षा देशभर में 21 जून को होगी। इससे पहले यह परीक्षा 3 मई को हुई थी। हालांकि, पेपर लीक की आशंका के चलते यह सवालों के घेरे में आ गई थी। अब इसकी जांच सीबीआई को सौंप दी गई है। एनटीए ने कहा था कि जल्द ही परीक्षा की नई तारीखों का एलान कर दिया जाएगा। इसके लिए छात्र-छात्राओं को दोबारा फीस देने की जरूरत नहीं होगी। इस परीक्षा के जरिए मेडिकल में प्रवेश दिया जाता है। परीक्षा की तारीख की घोषणा करते हुए एनटीए ने कहा कि उसने केंद्र सरकार की अनुमति के बाद नीट-यूजी-2026 की पुनः परीक्षा रविवार 21 जून 2026 को आयोजित करने का निर्णय लिया है। परीक्षार्थियों व अभिभावकों से अनुरोध है कि वे केवल एनटीए के आधिकारिक माध्यमों पर ही भरोसा करें।

एसडीएम चैंबर में भरभराकर गिरा फॉल सीलिंग, पीडब्ल्यूडी के रिनोवेशन पर उठे सवाल

बेमेतरा, 15 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब अचानक एसडीएम प्रकाश भारद्वाज के चैंबर की फॉल सीलिंग अचानक भरभराकर गिर गई. घटना से मौके पर कर्मचारियों में हड़कंप मच गया. राहत की बात रही कि घटना के वक्त भीतर कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक, घटना गुरुवार देर शाम की है. घटना के वक्त दफ्तर में कोई मौजूद नहीं था. जब कुछ कर्मचारी वापस लौटे तो उन्होंने एसडीएम चैंबर की फॉल सीलिंग गिरी हुई देखी. राहत की बात रही कि वहां कोई मौजूद नहीं था, जिससे जनहानि नहीं हुई. बताया जा रहा है कि कार्यालय में पीडब्ल्यूडी विभाग ने हाल ही में रिनोवेशन का काम कराया था।

'हमारी प्राथमिकता होर्मुज खुले', यूएई के राष्ट्रपति से मिले पीएम मोदी- हमले की निंदा की

नई दिल्ली, 15 मई (न्यूज चैनल)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आधिकारिक यात्रा पर पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री के इस दौरे का मुख्य उद्देश्य भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करना है। अपने दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नहयान से मुलाकात करेंगे। दोनों नेता आपसी संबंधों, ऊर्जा सहयोग और दोनों देशों के बीच साझेदारी को आगे बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करेंगे। बता दें कि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज से पांच देशों के दौरे पर हैं। इस विदेश दौरे में पीएम मोदी सबसे पहले संयुक्त अरब अमीरात का दौरा कर रहे हैं, इसके बाद वे नीदरलैंड, स्वीडन, नॉर्वे और इटली की यात्रा करेंगे। प्रधानमंत्री के इन दौरों का उद्देश्य व्यापार, प्रौद्योगिकी, ऊर्जा, नवाचार और हरित विकास के क्षेत्र में भारत की रणनीतिक साझेदारियों को मजबूत करना है।

गोबर से भरे वाहन ने बाइक सवारों को कुचला, एक युवक की मौके पर मौत

दुर्ग, 15 मई (हाईवे चैनल)। जिले के जामुल थाना क्षेत्र में देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। हादसे में अहिवारा टाउनशिप निवासी 18 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी घायल हो गया है।

जानकारी के अनुसार, शेख सैय्यद और उसका दोस्त शेख अफरोज बाइक पर सवार होकर नंदिनी-अहिवारा से हाउसिंग बोर्ड भिलाई की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे गोबर से भरे एक वाहन ने ओवरटेक करते समय उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े। हादसे में शेख अफरोज (18 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं शेख सैय्यद को चोटें आई हैं, जिसका अस्पताल में जारी है। घटना की सूचना मिलते ही जामुल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

अवैध खाद भंडारण पर बड़ी कार्रवाई: 2300 बोरी खाद जब्त

डोंगरगढ़, 15 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में अवैध खाद भंडारण के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई की गई है। कृषि, राजस्व और प्रशासनिक अमले ने माड़ीतराई गांव में तबड़तोड़ छापेमारी करते हुए गोदाम से 2300 बोरी खाद बरामद किया है, जिसके बाद गोदाम को सील कर दिया गया है।

यह पूरा मामला डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम माड़ीतराई का है। राजनांदगांव कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए कृषि, राजस्व और प्रशासनिक अमले ने टीम ने गोदाम में छापेमारी की। इस दौरान अधिकारियों को गोदाम में 2300 बोरी खाद का भंडारण मिला, जिसके दस्तावेजों और वैधता की जांच शुरू कर दी गई है। कार्रवाई के बाद मौके पर मौजूद गोदाम को तत्काल सील कर दिया गया।

मामले में सरपंच प्रतिनिधि दिलीप साहू ने बताया कि जब्त खाद बेलगांव निवासी पूर्व सरपंच छबील साहू के पुत्र लेखू साहू का है। उन्होंने यह भी कहा कि लेखू साहू का नाम पहले भी अवैध मुरम और रेत के मामलों में सामने आ चुका है। इस बयान के बाद मामला और अधिक चर्चाओं में आ गया है।

प्रशासन अब यह पता लगाने में जुटा है कि इतनी बड़ी मात्रा में खाद किस उद्देश्य से संग्रहित किया गया था, क्या इसके लिए वैध अनुमति ली गई थी और खाद का वितरण या परिवहन किन माध्यमों से किया जाना था।

फर्जी निवास प्रमाण पत्र के जरिए सीआरपीएफ में पाई नौकरी, मामले में बर्खास्त जवान की हुई गिरफ्तारी

बलरामपुर, 15 मई (हाईवे चैनल)। फर्जी दस्तावेजों के जरिए सरकारी नौकरी हासिल करने का बड़ा मामला बलरामपुर में सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में सीआरपीएफ के एक बर्खास्त आरक्षक को गिरफ्तार किया है, जिसने कूटरचित निवास प्रमाण पत्र बनवाकर केंद्रीय सुरक्षा बल में नौकरी हासिल की थी। जानकारी के मुताबिक आरोपी सुमित पिता अचल सिंह ने ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल का दुरुपयोग कर फर्जीवाड़ा किया। आरोप है कि उसने विशाल सोनी नामक व्यक्ति के शैक्षणिक और अन्य जरूरी दस्तावेजों में छेड़छाड़ कर अपने नाम से बलरामपुर का स्थानीय निवास प्रमाण पत्र तैयार करवाया। इसी फर्जी निवास प्रमाण पत्र के आधार पर आरोपी ने सीआरपीएफ में आरक्षक पद पर नौकरी हासिल कर ली थी।

कोर्ट परिसर में पुलिस का चेकिंग अभियान: 2 युवक चाकू के साथ गिरफ्तार, 8 संदिग्धों पर भी कार्रवाई

रायपुर, 15 मई (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर के न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और अपराधों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस ने शुक्रवार को बड़ा आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया। यह विशेष अभियान न्यायालय की अनुमति से डीसीपी सेंट्रल जोन एवं क्राइम के निर्देश पर संचालित किया गया।

अभियान में मध्य जोन के विभिन्न थानों का स्टाफ, एसीसीयू, पुलिस लाइन के 100 से अधिक जवान और बीडीएस टीम शामिल रही। पुलिस ने न्यायालय परिसर में संदिग्ध

गतिविधियों पर नजर रखते हुए व्यापक तलाशी अभियान चलाया। चेकिंग के दौरान परिसर में संदिग्ध रूप से घूमते और उपद्रव की आशंका वाले 6 लोगों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। सभी आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में कार्रवाई के बाद एसीपी कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

अभियान के दौरान दो युवकों के पास से अवैध चाकू भी बरामद किए गए। पुलिस ने मयंक सोनी और विनोद सारथी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1-1 चाकू जब्त किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक न्यायालय परिसर की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आगे भी इस तरह के विशेष चेकिंग अभियान लगातार चलाए जाएंगे, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

अब कॉलोनियों-बाजारों में होंगे चार्जिंग प्वाइंट हाइवे पर हर 25 किमी में किया गया अनिवार्य

रायपुर, 15 मई (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब इलेक्ट्रिक कार और दोपहिया वाहन मालिकों को चार्जिंग के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी। सरकार ने 'छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984' में संशोधन कर शहरों और कस्बों के भीतर भी ईवी चार्जिंग स्टेशन खोलने का रास्ता साफ कर दिया है। नए नियम के तहत अब कॉलोनियों, बाजारों, जिला केंद्रों, औद्योगिक क्षेत्रों और प्रमुख सड़कों पर मोबाइल टावरों की तर्ज पर चार्जिंग स्टेशनों का नेटवर्क विकसित किया जा सकेगा। इसके साथ ही पहली बार बैटरी स्वैपिंग और इन-बिल्डिंग मोबाइल नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर को भी नियमों में शामिल किया गया है।

राज्य सरकार का मानना है कि चार्जिंग नेटवर्क मजबूत होने से ईवी खरीदने वालों का भरोसा बढ़ेगा और आने वाले वर्षों में पेट्रोल-डीजल आधारित वाहनों पर निर्भरता कम होगी।

बिरादरी की बात

चूहा- सुनती हो, पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ गए हैं।
चुहिया- हां जी, इसीलिए तो दो दिन से पेट्रोल पंपों में पेट्रोल नहीं थे।